# <u>टेंडर सूचना</u>

**निविदा संदर्भ: एसबी/क्यू ई एल/खरीद/सी ओ ई/एमएल/यंत्र/2015 17 मई 2015**

स्पाइसेस बोर्ड, वाणिज्य मंत्रालय, भारत सरकार की ओर से अनुबंध-1 में दिए गए विनिर्देशों व अपेक्षाओं के अनुरूप निम्नलिखित उपकरणों की आपूर्ति केलिए निविदाएँ आमंत्रित की जाती हैं :

**1.यंत्रों की सूची** **पृष्ठ सं.**


1. इलेक्ट्रोनिक बैलेन्स - 5 डिजिट प्रेसिशन ..................... 6
2. बी ओ डी इंक्यूबेटर ..................... 10
3. जीवाणु इंक्यूबेटर ..................... 14
4. स्टमैकर ..................... 18
5. जैवसुरक्षा कैबिनेट (क्लास II, टाइप बी 2) ...................... 22
6. स्टीर्रर सहित सेरोलजिकल वाटर बाथ ...................... 28
7. फोर्स्ड़ कन्वेक्शन हॉट एयर ओवन ...................... 32
8. डिजिटल कोलनी काउंटर ...................... 36
9. एच डी कैमरा, सॉफ्टवेयर और कंप्यूटर के साथ लगा हुआ बैनॉकुलर माइक्रोस्कोप ...................... 39
10. पी एच मीटर ...................... 44
11. फुल्ली ऑटोमैटिक टॉप लोडिंग ओटोक्लेव ...................... 47
12. पैथोजेन स्क्रीनिंग सिस्टम ...................... 51
13. माइक्रोबियल एनुमरेशन सिस्टम ...................... 55
14. एड्वान्स्ड कलोरीमेट्री के प्रयोग से ओटोमेटड माइक्रोबियल आइडेंटिफिकेशन सिस्टम ...................... 61
15. रेप-पीसीआर के ज़रिए माइक्रोबियल जेनोटाइपिंग सिस्टम ...................... 66
16. ओटोमेटड पैथोजन डिटेक्शन सिस्टम ...................... 70
(नमूना तैयारी के रूप में इम्यूणोमाग्नेटिक सेपरेशन जुड़े पी सी आर के प्रयोग से)
17. मालड़ी-टोफ के प्रयोग से माइक्रोबियल आइडेंटिफिकेशन सिस्टम ......................75
18. इनोक्यूलेशन लूप केलिए इलेक्ट्रिक स्टेरिलाइजर ......................81
19. वर्टिकल लामिनर एयरफ़्लो यूनिट ......................85
20. सिंगल चैनल वारीयबल वॉल्यूम माइक्रोपीपेट्स ......................91
21. कम्बाइन्ड रेफ्रीजेरेटर एंड फ्रीजर ......................95
22. लबोरटरी ब्लेंडर ......................99


पृष्ठ 2-4 में दिए गए शर्तों व निबंधनों के अनुरूप निविदाओं को प्रस्तुत किया जाना चाहिए।

# शर्तें व निबंधन

## (क) बोलीलगानेवाले केलिए निर्देश

1. बोलियों की तैयारी: निविदाओं को दो बोली प्रणाली के अधीन, जैसे, **तकनीकी बोली** और **वित्तीय बोली**, प्रस्तुत किया जाना हैं।

2. निविदाओं की डेलीवरी: निविदा को स्पीड पोस्ट या कूरियर द्वारा नामित पते पर प्रस्तुत किया जाए ताकि अंतिम तारीख और समय से पहले हमारे कार्यालय तक पहुँच जाएँ। संबन्धित विवरण नीचे के शर्तें व निबंधन में बताया गया है।
3. निविदाओं को खोलना : प्रस्तावों/बोलियों को निर्धारित स्थान, तारीख व समय पर ऐसे निविदाकर्ताओं या उपस्थित होनेकेलिए उनके द्वारा चयनित उनके प्रतिनिधियों की मौजूदगी में इस कार्य केलिए गठित की गई समिति द्वारा खोला जाएगा। तकनीकी बोलियों को पहले खोला जाएगा और तकनीकी समिति, जो विनिर्देश व आवश्यकता के अनुरूप अनुयोज्यता पर निर्णय लेगी, द्वारा उनकी जांच की जाएगी। तकनीकी तौर पर सभी विनिर्देशों व आवश्यकताओं की पूर्ति करनेवाले प्रस्तावों/बोलियों के वित्तीय प्रस्ताव ही खोली जाएगी। बोलीलगानेवाले, अगर चाहे तो, निविदा खोलते समय उपस्थित हो सकते हैं। निविदा खोलने के दिन में भाग लेने केलिए प्रतिभागी बोलीदाताओं को अपनी कंपनियों से एक प्राधिकृत पत्र प्रस्तुत करना होगा। निविदा खोलते समय भाग लेने केलिए प्रत्येक निविदाकार के एक प्रतिनिधि को ही अनुमति दी जाएगी।
4. निविदाओं का तिरस्कार: स्पाइसेस बोर्ड बिना कोई कारण बताए किसी भी निविदा या सभी निविदाओं को तिरस्कार करने का अधिकार रखता है।
5. डेलीवरी की शर्तें: नीचे बताए शर्तों व निबंधनों में निर्धारित किए अनुसार कोट किए गए उपकरण(णों) तथा सभी उपसाधनों और सहायक उपकरणों की आपूर्ति की जानी चाहिए, और उनकी स्थापना/चालू करने का कार्य पूरा होना चाहिए। निविदा के साथ शर्तों व निबंधन की हस्ताक्षरित प्रति भी प्रस्तुत की जानी चाहिए।

सचिव
स्पाइसेस बोर्ड, कोच्ची-25

**(ख) निविदा की शर्तें व निबंधन**

निविदा को www.indianspices.com वेबसाइट से डाउन्लोड किए निर्धारित निविदा प्रपत्र में ही प्रस्तुत करना है। प्रस्तुत की जानेवाली निविदाओं को नीचे निर्धारित अनुदेशों का सख्त अनुपालन किया जाना हैं, इस में चूक होने पर निविदाओं को अपूर्ण समझा जाएगा और उसका निराकरण किया जाएगा।

1. निम्नलिखित पते पर 22 जून 2015 को शाम के 5.00 बजे को या उससे पहले निविदा प्रस्तुत कर सकते हैं:

   वैज्ञानिक डी व प्रमुख (क्यू सी)
   स्पाइसेस बोर्ड, सुगंधभवन, एन एच बाई पास,
   पालारिवट्टम पी.ओ., एरणाकुलम, केरल-682025

2. अंतिम तारीख और समय के बाद प्राप्त निविदाओं, चाहे किसी भी कारणवश हो, पर विचार नहीं किया जाएगा। प्रस्तावों/बोलियों को दो बोली प्रणाली तरीके में प्रस्तुत करना हैं, जैसेकि [1] तकनीकी बोली(ई एम डी सहित) और [2] वित्तीय बोली। **ऐसी निविदाओं, जिनमें दोनों निविदाएँ एक ही लिफाफे में प्राप्त हों, का तिरस्कार किया जाएगा।** प्रत्येक उपकरण केलिए अलग अलग निविदा प्रस्तुत की जानी चाहिए।

   *i.* **तकनीकी बोलियाँ:**

   निम्न भाग I और II के किन्हीं उपकरणों केलिए तकनीकी बोली प्रस्तुत करते समय निम्न नियमों का पालान अवश्य करना चाहिए :

   1. तकनीकी बोली में वाणिज्यिक शर्तें व निबंधनों सहित सभी तकनीकी विवरण शामिल होना चाहिए ।
   2. तकनीकी बोली में निम्नलिखित दस्तावेज़ों का होना ज़रूरी हैं:
      - प्रत्येक उपकरण के विनिर्देशों में दिए भाग I में भरे निविदाकार के विवरण।
      - प्रत्येक उपकरण के विनिर्देशों में दिए भाग II में भरे गए तकनीकी विनिर्देशों का अनुपालन।
      - तकनीकी बोली में, भाग III, वित्तीय विवरण केलिए प्रपत्र, को खाली रखना है। यदि तकनीकी बोली में वित्तीय विवरण पाए गए तो बोली का तिरस्कार किया जाएगा।
      - प्रत्येक उपकरण के विनिर्देशों में दिए अनुसार, प्राधिकृत हस्ताक्षरकर्ता के

द्वारा कंपनी के मोहर तथा सभी अपेक्षित संपर्क विवरण सहित हस्ताक्षर किया गया **बोलीलगाने वाले का घोषणापत्र** ।

- बिना भरे भाग । और भाग ॥ या बिना हस्ताक्षरित बोलीलगानेवाले के घोषणापत्र सहित प्राप्त तकनीकी बोलियों का तिरस्कार किया जाएगा।

***3.*** विनिर्देशों की अपेक्षानुसार उपकरण निष्पादन के सभी दावों की पर्याप्त उपकरण-सूचना व आंकड़ों से पुष्टि की जानी चाहिए। आवश्यक विवरणात्मक नोट सहित इनकी हार्ड कॉपी प्रस्तुत की जानी चाहिए।

***4.*** कोट किए गए नमूने से संबन्धित किसी तकनीकी साहित्य, ब्रोशर, विनिर्देश शीटें आदि को शामिल करना चाहिए।

***5.*** प्रत्येक उपकरण के तकनीकी बोली को **"तकनीकी बोली-(उपकरण का नाम), क्यू ई एल//सी ओ ई/एमएल/2015"** उपरिलिखित और वैज्ञानिक डी व प्रमुख (क्यू ई एल) (ऊपर 1 देखें) को संबोधित मोहरबंद लिफाफे में अलग से प्रस्तुत किया जाना चाहिए।

***ii.* वित्तीय बोली:**

***1.*** वित्तीय बोली में, तकनीकी बोली में उल्लिखित मदों केलिए मदवार मूल्य सूचित किया जाना है। उपसाधनों, सहायक उपकरणों, मदों केलिए भारतीय रुपयों में कोट किए गए सभी शुल्क सहित विस्तृत मूल्य निर्धारन, विस्तारित वारंटी, नौपरिवहन, बीमा, कर, स्थापना शुल्क आदि को स्पष्ट रूप से सूचित किया जाना है। कोट की गई मद के विभाजित खंड के साथ इकाई दर देना चाहिए।

***2.*** दरों को स्पष्ट रूप से अक्षरों व अंकों में सूचित किया जाना है। यदि अक्षरों व अंकों में किए दरों में कोई अंतर पाया गया तो मूल्यांकन केलिए अक्षरों में दी गई दर पर विचार जाएगा। ये दरें स्थिर होनी चाहिए और वित्तीयबोली के खोलने की तारीख से 90 दिनों तक वैध होना चाहिए । किसी काट-छांट /सुधार/या अधिलेखन के होने पर कम से कम निविदाकार को अपना पूरा हस्ताक्षर डालना चाहिए। कोट की गईं दरों को किसी मूल्य परिवर्तन खंड के अधीन नहीं होना चाहिए।

***3.*** वित्तीय बोली के संक्षेप को प्रत्येक उपकरण के विनिर्देशों के भाग ||| में दिए प्रपत्र में प्रस्तुत किया जाना चाहिए । प्रत्येक उपकरण के विनिर्देशन के साथ दिए अनुसार कंपनी के मोहर और सभी अपेक्षित संपर्क पताओं सहित प्राधिकृत हस्ताक्षरी द्वारा हस्ताक्षर किया हुआ बोलीदाता के घोषणापत्र को इसके साथ संलग्न करना चाहिए।

***4.*** *बिना भरे भाग ||| या बोलीदाता के हस्ताक्षर के बिना प्राप्त वित्तीय बोलियों*

*का तिरस्कार किया जाएगा।*

**5.** वित्तीय बोली भी **" वित्तीय बोली-(यंत्र का नाम), क्यू ई एल/सी ओ ई/एमएल/2015"** उपरिलिखित **एक मुहरबन्द लिफाफे** में होना चाहिए और वैज्ञानिक डी व प्रमुख (क्यू ई एल)(ऊपर 1 देखें) को संबोधित किया हुआ होना चाहिए।

***iii.*** दोनों मुहरबंद लिफाफों, जैसे तकनीकी और वित्तीय बोलियों, को ई एम डी(नीचे 3 देखें) के साथ एक बड़े लिफाफे में डालना चाहिए और मुहरबंद करना चाहिए। इस लिफाफे के ऊपर **" क्यू ई एल/सी ओ ई /एम एल /2015(यंत्र का नाम) केलिए तकनीकी और वित्तीय बोलियाँ "** लिखा होना चाहिए और वरिष्ठ वैज्ञानिक व प्रमुख (गु.नि.) को संबोधित(ऊपर 1 देखें) किया हुआ होना चाहिए।

***iv.*** निविदाओं को गुणवत्ता मूल्यांकन प्रयोगशाला, स्पाइसेस बोर्ड, कोच्ची में 23 जून 2015 को सुबह 10 बजे खोला जाएगा। <u>उस तारीख को केवल तकनीकी बोलियों को ही खोला जाएगा।</u> तकनीकी बोलियों में जो योग्य पाए जाते हैं उनको वित्तीय बोलियों के खोलने की तारीख की सूचना दी जाएगी।

***3.* बयाना राशि जमा**: (क) निविदाकार को तकनीकी बोली के साथ कोट किए कुल राशि के दो प्रतिशत के बराबर बयाना राशि जमा कोच्ची में देय और सचिव, स्पाइसेस बोर्ड के नाम पर किसी राष्ट्रीयकृत बैंक से लिया तीन महीनों केलिए मान्य डिमांड ड्राफ्ट के रूप में प्रस्तुत करना चाहिए। (ख) बयाना राशि जमा के रूप में बैंक गारंटी स्वीकार नहीं किया जाएगा। बिना बयाना राशि जमा के तकनीकी बोली को अनुत्तरदायी के रूप में विचार किया जाएगा और जब तक निविदाकार के किसी भी वर्ग को विशेष रूप से कारण से और सबूत संलग्न किया जाना है जिसके लिए ईएमडी के भुगतान से सरकार द्वारा छूट दी है, अस्वीकार कर दिया जाएगा। (ग) संविदा प्रदान करने के बाद असफल बोलीदाताओं को बिना ब्याज के बयाना राशि जमा वापिस किया जाएगा।

***4.* सम्झौता क्रय आदेश-बयाना राशि जमा की ज़ब्ती :** बयाना राशि जमा ज़ब्त की जाएगी अगर निविदाकार:

***i.*** अपनी संविदा वापस लेता है या स्वीकृति के बाद पीछे हटता है

***ii.*** निष्पादन जमानत जमा न कर पाता है

***iii.*** निविदा सूचना में निर्धारित शर्तों में से किसी का उल्लंघन करता है

***iv.*** मान्य अवधि के दौरान कोट की गई शर्तों में से किसी को बदलता है

***5.*** **निष्पादन जमानत**: सफल बोलीदाता को आदेश मूल्य के 20 प्रतिशत राशि केलिए किसी राष्ट्रीयकृत बैंक से बैंक गारंटी के रूप में एक निष्पादन जमानत प्रस्तुत करना है और यह वारंटी बाध्यता सहित सभी संविदा बाध्यताओं की समाप्ती की तारीख के बाद 60 दिनों केलिए वैध होना चाहिए और यह वारंटी अवधि के उपरांत 60 दिनों के बाद निर्मोचित किया जाएगा ।

***6.*** **उपकरणों के सीमा शुल्क निकासी:** आयातित उपकरणों केलिए सीमाशुल्क निकासी शुल्क, यदि है तो, निविदाकार द्वारा वहाँ किया जाना है और स्पाइसेस बोर्ड द्वारा मदों की निकासी केलिए सहायक कागजात ही प्रस्तुत किया जाएगा। निविदाकार को उपकरण की निकासी, वितरण और बोर्ड की प्रयोगशाला में स्थापना का प्रबंध करना होगा।

***7.*** यदि कोई भारतीय एजेंट शामिल है तो निम्नलिखित कागजात ज़रूर संलग्न करना है:

- ***i.*** भारतीय एजेंट को देय कमीशन और  भारतीय एजेंट द्वारा प्रदान की जानेवाली बिक्री सेवा के बाद की प्रकृति को सूचित करनेवाले विदेशी प्रमुख के प्रपत्र बीजक।
- ***ii.*** विदेशी प्रमुख के साथ एजेंसी के करार की प्रति और उनके बीच के यथार्थ संबंध और व्यापार में उनके पारस्परिक हित।
- ***iii.*** वित्त मंत्रालय के अनिवार्य पंजीकरण योजना के तहत आपूर्ति और निपटान महानिदेशक के साथ भारतीय एजेंट की भर्ती ।

***8.*** विपणि में उपलब्ध और काफी उपभोक्ताओं को सप्लाई किए गए मशीन केलिए ही प्रस्ताव/बोली भेजी जाएँ । निविदाओं के साथ  क्रम सं. IV में भारत के उपभोक्ताओं की सविस्तृत सूची प्रस्तुत की जानी चाहिए। प्रोटोटाइप मशीन केलिए निविदा स्वीकार नहीं किया जाएगा।

***9.*** निविदा के साथ प्रमुख द्वारा हस्ताक्षरित कोट किए नमूने का मूल सूचीपत्र (फोटोकोपी नहीं) संलग्न होना चाहिए ।

***10.*** कोट किए गए उपकरण के निष्पादन विवरण केलिए यदि तकनीकी विनिर्देशन की मांग की जाय तो उसे एक पुस्तिका के रूप में सभी पहलुओं में पूर्ण जानकारी तत्काल संदर्भ हेतु प्रदान की जाने चाहिए। अनुप्रयोग समर्थन प्रदान करने की क्षमता के प्रमाण स्वरूप, यह विवरण (डेटा) बोलीलगानेवाले के द्वारा भारत में स्थित उनके अपने अनुप्रयोग प्रयोगशाला के कोट किए मॉडल के प्रयोग से उत्पन्न किया हुआ होना चाहिए। यदि एक से अधिक नमूना कोट किया गया है तो प्रत्येक नमूने केलिए निष्पादन विवरण अलग अलग प्रस्तुत करना चाहिए। सामान्यीकृत अनुप्रयोग नोटों

या अनुसंधान पर्चों को निष्पादन के प्रमाण के रूप में स्वीकृत नहीं किया जाएगा क्योंकि उनसे उस उपकरण के विनिर्दिष्ट आवश्यकताओं का अनुपालन नहीं हो जाता। स्पाइसेस बोर्ड, यदि आवश्यकता हुई तो, बोलीलगानेवाले की प्रयोगशाला द्वारा उत्पादित विवरण का पुनरुत्पादन को प्रत्यक्ष देखने या बोलीलगानेवाले की प्रयोगशाला में आवश्यक नमूनों/घोलों का विश्लेषण करने का अधिकार सुरक्षित रखता है।

*11.* **वितरण का समयक्रम**: बोलीलगानेवाले को उपकरण के वितरण केलिए आवश्यक समय को स्पष्ट रूप से सूचित करना होगा। वितरण के समयक्रम में कोई विचलन होने के मामले में निर्णीत हरजाना खंड लागू होगा या आपूर्ति में हुई देरी केलिए जुर्माना लगाया जाएगा।

*12.* **जोखिम खरीद खंड**: निर्धारित वितरण-समयकरम के भीतर मद/उपकरण की आपूर्ति न होनेपर बोर्ड जोखिम खरीद खंड के अधीन आपूर्तिकर्ता के जोखिम पर ही अन्य स्रोतों से मद/उपकरण खरीदने का अधिकार रखता है।

*13.* **भुगतान**: स्थानीय खरीद केलिए कोई अग्रिम भुगतान नहीं किया जाएगा। जहां पर स्थापना करने केलिए सहमत हुए हैं वहाँ पर सफलतापूर्वक स्थापना करने के बाद ही भुगतान किया जाएगा।

*14.* **वारंटी / गारंटी :** प्रत्येक उपकरण केलिए विनिर्देशनों के भाग II में दिए अनुसार उपकरण के निर्बाद अँड निरंतर कार्यकरण केलिए सभी आवश्यक पुर्जे / स्सहायक उपकरण व उपभोज्य समग्रियों सहित स्पष्ट रूप से पाँच वर्षों की वारंटी प्रस्ताव में निर्दिष्ट किया जाना चाहिए।

*15.* **उपयोगकर्ताओं की सूची**: प्रत्येक उपकरण के विनिर्देशन में दिए अनुसार उपयोगकर्ताओं की एक विस्तृत सूची प्रस्ताव के साथ शामिल करना चाहिए।

*16.* **देर से प्राप्त प्रस्ताव**: अंतिम तारीख और समय के बाद प्राप्त प्रस्तावों पर विचार नहीं किया जाएगा।

*17.* **स्वीकृति और अस्वीकृति** : स्पाइसेस बोर्ड प्रस्तावित किसी भी निविदा को पूरे या किसी भाग को स्वीकार या बिना कोई कारण बताए पूर्णतः इसे अस्वीकार करने का अधिकार सुरक्षित रखता है।

*18.* **विवाद और अधिकार क्षेत्र**: इस निविदा से संबन्धित किसी संविदा भंग से उत्पन्न किसी न्यायिक विवाद को एरणाकुलम, कोच्ची नगर के भीतर ही स्थित संबन्धित अधिकार-क्षेत्र के अदालतों में निपटा जाएगा।

*19.* निविदाकार को निविदा कागजात के प्रत्येक पन्ने पर अपना हस्ताक्षर और मोहर लगाना होगा और निम्नानुसार एक प्रमाणित पावती देनी होगी :

**(ग) निविदाकार द्‌वारा अभिस्वीकृति**

हम एतद्‌वारा यह अभिस्वीकृत करते हैं कि हमने सभी उपरोक्त शर्तों को ध्यान से पढ़ा है और हम उनके पालन करने के लिए सहमत हैं ।

निविदाकार का हस्ताक्षर
कंपनी का मोहर
तारीख